प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस. मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, S.B.S. Marg, Fort, Mumbai - 400 001
फोन/Phone: 022 - 2266 0502

आज़ादी का अमृत महोत्सव

5 सितंबर 2022

विनियामक सैंडबॉक्स : 'खुदरा भुगतान' विषय के लिए 'ऑन टैप' आवेदन सुविधा – संस्थाओं का चयन

रिज़र्व बैंक ने 08 अक्तूबर 2021 की प्रेस प्रकाशनी के माध्यम से विनियामक सैंडबॉक्स के तहत 'खुदरा भुगतान' विषय के लिए 'ऑन टैप' एप्लिकेशन सुविधा खोलने की घोषणा की थी।

2. इस संबंध में, यह सूचित किया जाता है कि नीचे उल्लिखित दो संस्थाओं को 'परीक्षण चरण' के लिए चुना गया है:

क्रम सं.	**सैंडबॉक्स संस्था**	**उत्पाद विवरण**
1	एचडीएफ़सी बैंक (क्रंचफिश एबी[1] के साथ साझेदारी में)	'ऑफ़लाइन खुदरा भुगतान' उत्पाद, ग्राहक और व्यापारियों को ऑफ़लाइन मोड में भुगतान करने और प्राप्त करने में सक्षम होने की क्षमता प्रदान करता है। समाधान का उद्देश्य नेटवर्क कनेक्शन की आवश्यकता के बिना लेनदेन को सक्षम करके नेटवर्क रहित या कम नेटवर्क वाले क्षेत्रों में डिजिटल भुगतान को अपनाने को बढ़ावा देना है।
2	प्रेसिजन बायोमेट्रिक इंडिया प्रा. लिमिटेड	'बैंकिंग के लिए InnaIT की सोल्युशन' उत्पाद, बायोमेट्रिक टोकन को सक्षम करने का समाधान प्रदान करता है, जिसका उपयोग इंटरनेट / मोबाइल बैंकिंग में लॉग इन करने के लिए ओटीपी के बजाय सुरक्षित पासवर्ड रहित प्रमाणीकरण और अतिरिक्त कारक प्रमाणीकरण (एएफए) के लिए किया जा सकता है। डिजिटल भुगतान क्षेत्र में सुरक्षा और उपयोगकर्ता के अनुभव को बढ़ाने के लिए यह समाधान सार्वजनिक कुंजी अवसंरचना (पीकेआई) और बायोमेट्रिक को जोड़ता है।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2022-2023/817

[1] Aktiebolag (AB) "निगम" या "लिमिटेड कंपनी" के लिए स्वीडिश शब्द है।